देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 195 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
रेप कानून में हुए बदलाव



देहरादून, शुक्रवार, 10 नवंबर 2023

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 14.0°

66023.69

2 गाजा से पैदल भाग रहे हजारों फलस्तीनी
7 मेग लेनिंग ने की संन्यास की घोषणा

# राज्य में महिला नीति को शीघ्र किया जाएगा लागू

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में दून में राज्य स्थापना दिवस का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड के राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने समस्त उत्तराखंड वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राज्य गठन के बाद नई पहचान के साथ उत्तराखंड के परिश्रमी लोगों ने राज्य के लिए विकास और प्रगति के नित–नूतन शिखरों पर अपने कदम जमाए हैं। भगवान शिव और भगवान विष्णु के आशीर्वाद–स्वरूप देवालयों से पवित्र उत्तराखंड को 'देव–भूमि' कहने की परंपरा वंदनीय है। उत्तराखंड की इस देव–भूमि से मैं सभी देशवासियों के लिए दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड की अलग पहचान और स्थापना के लिए संघर्ष करने वाली स्वर्गीय श्रीमती सुशीला बलूनी को इस राज्य के सभी निवासी तो याद रखेंगे। बिशनी देवी शाह ने स्वाध ीनता संग्राम के दौरान अपने असाध ारण साहस का परिचय दिया था। माउण्ट एवरेस्ट पर हमारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाली प्रथम महिला बछेन्द्री पाल जी और पेड़ों को बचाने के लिए युद्ध–स्तर पर संघर्ष करने वाली गौरा देवी जैसी उत्तराखंड की महिलाओं ने पूरे देश के लिए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। हाल ही में उत्तराखंड की बेटी वंदना कटारिया ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की यह भूमि वीर–प्रसवा रही है। हमारी थल सेना के दो रेजीमेण्टस कुमाऊं रेजीमेण्ट एवं गढ़वाल रेजीमेण्ट का नाम उत्तराखंड के क्षेत्रों के आधार पर रखा गया है। यह उत्तराखंड की शौर्य परंपरा को रेखांकित करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड की फिजिकल एवं डिजिटल कनेक्टिविटी निरंतर बढ़ाई जा रही है। उत्तराखंड में इन्फ्रस्ट्राक्चर डेवपलपमेंट तेज गति से हो रहा है। साथ ही, आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उत्तराखंड में हो रही बहु–आयामी प्रगति से निवेशकों में उत्साह बढ़ रहा है। इन प्रयासों से उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि उत्तराखंड के विकास में ईकॉलॉजी एवं ईकॉनॉमी दोनों पर जोर दिया जा रहा है।



### नशा मुक्त ग्राम और नशा मुक्त शहर की योजनाः सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि प्रदेश की मातृशक्ति के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से हमने ''महिला नीति'' बनाई गई है, जिसको शीघ्र ही लागू किया जाएगा। देवभूमि के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु ''बाल श्रम उन्मूलन'' के लिए समस्त विभागों के समन्वय के साथ एक विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जाएगी। ड्रग फ्री उत्तराखंड के स्वप्न को साकार करने के लिए हम ''नशा मुक्त ग्राम'' और ''नशा मुक्त शहर'' की योजना लाएं हैं, ऐसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। राज्य निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और महिलाएं हमारे राज्य की रीढ़ हैं। जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने हेतु ''मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह'' योजना शुरू की जाएगी।

### चार विभूतियों को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से किया सम्मानित

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य की चार विभूतियों को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। माधुरी बड़थ्वाल, बसंती बिष्ट, सचिदानन्द भारतीय तथा राजेन्द्र सिंह बिष्ट को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा हेतु उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा परेड का निरीक्षण एवं मार्च पास्ट किया गया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड की उपलब्धियों के बारे में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन एवं उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा साहसिक प्रदर्शन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिवसीय दौरे के बाद वापस दिल्ली लौटीं राष्ट्रपति

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के बाद गुरुवार शाम को दिल्ली रवाना हो गईं। राष्ट्रपति ने तीन दिनों में कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। सुबह उन्होंने पुलिस लाइन में आयोजित राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद शाम को वह जौलीग्रांट एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुईं।

### 75 प्रतिशत आरक्षण बिहार विधानसभा से पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। बिहार में अब 75 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। विधानसभा से आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पास हो गया। खास बात ये रही कि किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया। बिहार में अनारक्षित कोटा मात्र 25 प्रतिशत बच गया है। शीतकालीन सत्र के दिन आरक्षण संशोधन विधेयक पारित हो गया। 75 फीसदी रिजर्वेशन लागू करने का रास्ता साफ हो गया। सदन में किसी भी सदस्य ने इसका विरोध नहीं किया।

# देहरादून में हुई दस मिनट में दस करोड़ की बड़ी लूट

## बदमाशों ने रिलायंस ज्वेलर्स में डाली डकैती

**संवाददाता**

देहरादून। उत्ताराखंड की राजधानी देहरादून में बदमाशों ने दस मिनट के अंदर दस करोड़ की डकैती को अंजाम दिया। घटना के बाद से पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। राष्ट्रपति के दौरे के चलते पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी थी और इस बीच शहर में बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह देहरादून के राजपुर रोड स्थित रिलायंस के ज्वेलरी शोरूम में कीमती आभूषणों को सजाने की तैयारी चल रही थी। तभी पांच लोग ग्राहक बनकर अंदर घुसे और गन प्वाइंट पर कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

बदमाशों ने कर्मचारियों को पेंट्री में बंद किया। सभी के हाथ प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिए।



बदमाश यहां से करोड़ों रुपए के हीरे और सोने के जेवरात लूट कर ले गए। घटना सुबह की है और पुलिस को भी इसकी भनक काफी देर बाद लगी। 10 मिनट में लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। बदमाश कार में सवार होकर आए थे।

वहीं, दिनदहाड़े हुई इस घटना के जानकारी मिलते ही एसपी सिटी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों ने शातिराना अंदाज में शहर में वीवीआईपी ड्यूटी में पुलिस के व्यस्त होने का फायदा उठाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल अब पुलिस मामले में तेजी से छानबीन कर रही है और शोरूम के सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने जानकारी दी है कि बदमाश कार में सवार होकर लूट की वारदात करने पहुंचे थे। धरपकड़ के लिए पुलिस नाकाबंदी करवा रही है।

# गैरसैंण में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**संवाददाता**

गैरसैंण। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) मे राज्य स्थापना दिवस की 23वीं वर्षगांठ पूरी गरिमा के साथ हर्षोल्लास से मनाई गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा परिसर भराडीसैंण में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और विधानसभा परिसर गैरसैंण (भराड़ीसैंण) से पूरे प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनपद के प्रभारी मंत्री धन सिंह रावत भी मौजूद थे।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भराडीसैंण क्षेत्र के विकास के लिये कई घोषणायें भी की। जिसमें कारगिल शहीद स्व. रणजीत सिंह आगरचटटी झिंगोड मोटर मार्ग का डामरीकरण, भराडीसैण थारकोट मोटर मार्ग का डामरीकरण, रिखोली डिग्री कालेज मोटर मार्ग का निर्माण के साथ ही मेहलचौरी मेला, कृषि उद्यान एवं पर्यटन विकास मेला गैरसैंण, पर्यावरण संबंर्द्धन पर्यटन विकास मेला नन्दासैण को 2–2 लाख देने की घोषणा शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैरसेंण–बुंगीधार मोटर मार्ग डबल लेन करने हेतु भी जल्द इसका आंकलन कराके स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### स्वीकृति

- मेलों को स्वीकृत किये दो–दो लाख की धनराशि

### निवेशकों की पहली पसंद उत्तराखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को देश–विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उत्तराखण्ड की प्रगति एवं विकास हमारा एकमात्र लक्ष्य है, इस ध्येय की प्राप्ति के लिए हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम में जुटे हैं। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का हमारा संकल्प है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सुशासन को कुशासन में बदलने में एक्सपर्ट कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

छतरपुर। मध्यप्रदेश में पीएम मोदी की सिलसिलेवार रैलियों का दौर जारी है। सतना में विशाल जनसभा करने के बाद प्रधानमंत्री छतरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी की चुनावी रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि छतरपुर की जनता का उत्साह देखकर लग रहा है कि मध्यप्रदेश में भाजपा जीत का नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस पर जोदार प्रहार करते हुए पीएम ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से भरी हुई कांग्रेस को न कभी देश का विकास समझ आया और न ही देश की विरासत से उसे कोई लेना–देना रहा।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने भव्य राम मंदिर की चर्चा की

सतना की जनसभा में पीएम मोदी ने कहा– मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम के मंदिर की चर्चा चलती है। श्रीराम मंदिर को लेकर पूरे देश में खुशी की लहर है। लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। हम तो भक्ति भाव में डूबे लोग हैं। जिस भक्ति भाव से भव्य राम मंदिर बनाते हैं, उसी भक्ति भाव से 4 करोड़ घर बनाते हैं। अब रुकना नहीं है, थकना नहीं है।

# पुतिन ने वापस मांगे अपने हेलीकॉप्टर के इंजन, अब क्या करेंगे मुनीर?

रिपोर्ट

## रूस ने यूक्रेन के साथ लंबे युद्ध का दिया है हवाला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




इस्लामाबाद। रूस ने पाकिस्तान से अपने एमआई–35एम हेलीकॉप्टर के इंजन वापस करने को कहा है। रूस ने ये मांग ऐसे समय की है, जब वह यूक्रेन के साथ एक लंबे युद्ध में उलझा हुआ है। जिससे उसके सामने सैन्य संसाधनों की आवश्यकता पूरा करने की चुनौती है। ऐसे में मॉस्को ने यूक्रेनी संघर्ष में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए गए एमआई–35एम हेलीकॉप्टरों के इंजनों की वापसी के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया है। खराब आर्थिक हालत और राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के लिए रूस की ये मांग मुश्किल बढ़ सकती हैं। ऐसे में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की मांग पर क्या करेंगे, ये देखने वाली बात होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने पाकिस्तान से हेलीकॉप्टर के जो इंजन वापस करने को कहा है, वह एमआई–35एम हेलीकॉप्टर के जरूरी हिस्से हैं। इनका रूस यूक्रेन में बहुत ज्यादा इस्तेमाल कर रहा है। ये संघर्ष अभी लंबा चलने का अनुमान है। ऐसे में रूस एहतियाती तौर इन हेलीकॉप्टरों के इंजन मांग रहा है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रूस ने इस तरह की कोई मांग नहीं की है।

द वॉल स्ट्रीट की एक रिपोर्ट कहती है कि रूस के पाकिस्तान से अपने हेलीकॉप्टर इंजन वापस मांगने से साफ है कि उसको सैन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बाहर से मदद की आवश्यकता है। वह पहले से ही उपयोग किए जा चुके उपकरणों के साथ अपने सशस्त्र बलों को सपोर्ट करना चाहता है। रिपोर्ट कहती है कि रूस ने यूक्रेन जंग का हवाला देकर पाकिस्तान के अलावा मिस्र, बेलारूस समेत कई और देशों से भी इस तरह का अनुरोध किया है।

रूस ने बीते साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया था। फरवरी 2022 से अब तक इस युद्ध को 21 महीने का समय हो गया है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से रूस का यह सबसे बड़ा युद्ध साबित हो रहा है। हालांकि रूस इसे कोई जंग ना कहकर एक सैन्य ऑपरेशन कह रहा है लेकिन इसका प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है। बड़ी तादाद में यूक्रेन के लोगों को देश छोड़ना पड़ा है। वहीं उर्जा संकट और खाने पीने के सामानों की कीमतों पर भी इसका असर हुआ है। इस युद्ध में इस दौरान कई मोड़ आए हैं और अभी भी इसके लंबा खिंचने की बात कही जा रही है। ऐसे में रूस अपने सैन्य संसाधनों को जुटाने में लगा है।

## न्यूज डायरी



### स्पेन में आतंकी गतिविधियों के आरोप में 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड (स्पेन)। यूरो वीकली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन में पुलिस ने पाकिस्तान मूल के 14 लोगों को गिरफ्तार किया है और देश में स्थित एक संदिग्ध जिहादी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। एक महीने पहले इजरायल पर हमास के हमले के बाद देश में आतंकवाद विरोधी चेतावनी स्तर बढ़ाए जाने के बाद स्पेन के सामान्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा शुरू किए गए एक ऑपरेशन के हिस्से के रूप में गिरफ्तारियां की गईं। यूरो वीकली न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, संभावित हमलों से बचने के लिए स्पेनिश सुरक्षा बलों ने संदिग्धों पर निगरानी दोगुनी कर दी है। स्पेन के सबसे बड़े अंग्रेजी अखबार यूरो वीकली न्यूज के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोग पाकिस्तानी मूल के थे और कहा जाता है कि वे कैटेलोनिया, वालेंसिया, गुइपुजकोआ, विटोरिया, लोग्रोनो और लिलेडा में रहते थे। पुलिस सूत्रों ने एक स्थानीय दैनिक ला रजोन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। गिरफ्तार किए गए लोगों को कथित तौर पर अदालत में पेश किया जाएगा। यूरो वीकली न्यूज ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि इन व्यक्तियों ने एक नेटवर्क बनाया जिसमें जिहादी संदेश और उच्च स्तर की कट्टरता ऑनलाइन प्रसारित की गई। द यूरोपियन कंजर्वेटिव के पत्रकार डेविड एथरटन ने सोशल मीडिया ऐप एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये 14 पाकिस्तानी जिहादी पाकिस्तान में एक इस्लामी चरमपंथी राजनीतिक दल टीएलपी से जुड़े हुए हैं।

### राज्य और स्थानीय चुनाव में कम से कम 10 भारतीय–अमेरिकी ने हासिल की जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कम से कम 10 भारतीय–अमेरिकियों, जिनमें से लगभग सभी डेमोक्रेट हैं, ने देश के कई हिस्सों में हुए स्थानीय और राज्य स्तरीय चुनावों में जीत हासिल की है, जो जातीय समुदाय के बढ़ते राजनीतिक सशक्तिकरण को दर्शाता है, जो अमेरिका की आबादी का एक प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। वर्जीनिया में, हैदराबाद में जन्मी गजाला हाशमी को लगातार तीसरी बार राज्य सीनेट के लिए फिर से चुना गया। वह वर्जीनिया राज्य विधान के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय–अमेरिकी महिला और मुस्लिम थीं। सुहास सुब्रमण्यम को वर्जीनिया राज्य सीनेट के लिए फिर से चुना गया। उन्हें 2019 और 2021 में दो कार्यकाल के लिए प्रतिनिधि सभा के लिए चुना गया था। ओबामा प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में पूर्व प्रौद्योगिकी नीति सलाहकार, ह्यूस्टन में जन्मे सुब्रमण्यन वर्जीनिया हाउस के लिए चुने जाने वाले पहले हिंदू हैं। बिजनेस लीडर कन्नन श्रीनिवासन, जो 90 के दशक में भारत से आए थे, भारत–अमेरिकी प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए चुने गए थे। वर्जीनिया में सभी तीन विजेता डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और न्यू जर्सी से भी तीन विजेता हैं।

### अमेरिका देगा इजरायल को स्पाइस बम, भारत ने पाकिस्तान में मचाई थी तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। गाजा में हमास के साथ युद्ध कर रहे इजरायल को अमेरिका से खास स्पाइस बम मिलने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इजरायल के साथ 320 मिलियन डॉलर का हथियारों का सौदा किया है। जिसमें अमेरिका इजरायल को स्पाइस बम भी देगा। जो उसको गाजा में फैली सुरंगों के जाल को भेदने में काम आ सकते हैं। बाइडेन प्रशासन ने इस सौदे के बारे में पुष्टि की है। डील में इजरायल को इन बमों के साथ इनसे जुड़ी अहम तकनीक भी मिलेगी। इजरायल की अपने भरोसेमंद सहयोगी अमेरिका के साथ ये डील गाजा में चल रहे संघर्ष के समय हुई है। इजरायल लगातार गाजा से हमास को उखाड़ फेंकने की कसम खा रहा है। हथियारों के सौदे की ये डील स्पाइस फैमिली ग्लाइडिंग बम असेंबली के स्मार्ट बमों के ट्रांसफर पर ही केंद्रित है। ये बम अपनी सटीकता के लिए जाना जाता है। बाइडेन प्रशासन ने स्पाइस फैमिली ग्लाइडिंग बम असेंबली के ट्रांसफर के बारे में जानकारी दी है। इस डील के तहत राफेल यूएसए बमों को इजराइली कंपनी राफेल एडवांस डिफेंस सिस्टम को ट्रांसफर करेगा। डील में हथियारों के उपयोग से संबंधित जानकारी, परीक्षण और तकनीक का भी आदान–प्रदान होना है।

## तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में बढ़े आतंकी हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर निशाना साधा है। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं के मामले बढ़े हैं।

पाकिस्तानी अंग्रेजी अखबार डॉन के मुताबिक, काकर ने अवैध अप्रवासियों के चल रहे निर्वासन अभियान को भी आतंकवाद विरोधी कार्रवाइ से जोड़ा। उन्होंने इस्लामाबाद में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अगस्त 2021 में तालिबान सरकार के आने के बाद हमें उम्मीद थी कि अफगानिस्तान में लंबे समय तक शांति होगी। इसके अलावा पाकिस्तान के विरोधी समूहों और खासकर तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अफगानी धरती का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन, दुर्भाग्य से अंतरिम अफगान सरकार के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में 60 प्रतिशत और आत्मघाती हमलों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो वर्षों में इस 2,267 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई है।



### पत्रकारों ने देखी गाजा की वीभत्स तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा। इजरायली सैनिकों ने कई अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को उत्तर गाजा में जाने की इजाजत दी। पत्रकारों ने बताया कि उत्तरी गाजा में हर तरफ पेड़ जमीन पर गिरे हैं। कई इमारतें वीरान पड़ी है। कहीं रॉकेट के अवशेष पड़े हैं तो किसी घर में फलस्तीनी झंडे टंगे हैं। इमारत खाली होने की वजह से इजरायली सैनिक बिल्डिंग के अंदर गोला–बारूद और युद्ध की रणनीति बना रहे हैं। माना जा रहा है कि हमास, इस्लामिक जिहाद व अन्य संगठनों के पास सात अक्टूबर के इजरायल से अगवा किए 240 लोग हैं।

## जिंदगी की जंग जीतने के लिए उत्तरी गाजा से पैदल भाग रहे हजारों फलस्तीनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजा पट्टी। इजरायल हमास युद्ध का 34वां दिन है। गाजा शहर को दो टुकड़ों में तोड़ने के बाद इजरायली सैनिकों ने हमास के खिलाफ युद्ध अभियान और तेज कर दिया है। मंगलवार को 15, 000 से ज्यादा लोग उत्तरी गाजा को छोड़ने में कामयाब हो सके। इस क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर इजरायली सैनिकों द्वारा लगातार बमबारी और गोलीबारी की जा रही है।

इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 10,500 लोग मारे जा चुके हैं। हजारों फलस्तीनी नागरिक को पैदल ही उत्तर गाजा छोड़कर दक्षिण क्षेत्र की ओर पलायन कर रहे हैं। पत्रकारों ने तकरीबन दो

### गाजा में तीन लाख लोगों ने छोड़ा अपना घर

घंटों तक गोलियों की आवाज सुनी। हालांकि जिन जगहों पर गोलीबारी हो रही थी उन जगहों पर पत्रकार नहीं जा सके। वहीं, इजरायली सैनिकों ने पत्रकारों से जयादा इधर–उधर न घूमने की हिदायत दी। जानकारी के मुताबिक, गाजा में 70 प्रतिशत आबादी अपने घर को छोड़ने पर मजबूर हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 3 लाख लोग को अपने घर छोड़ चुके हैं।

बताते चलें कि युद्धविराम की बातों को फिलहाल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने काफी पीछे छोड़ दिया है। नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास के आतंकी सभी इजरायली नागरिकों को अपने कब्जे से रिहा नहीं कर देते, तब तक हम युद्धविराम के बारें में नहीं सोच सकते।

संयुक्त राष्ट्र के साथ ही जी 7 देशों ने गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति और वितरण के लिए हमलों को कुछ समय के लिए रोके जाने की आवश्यकता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से टेलीफोन पर वार्ता के बाद संकेत दिया है कि इजरायली सेना के हमले तीन दिनों के लिए रुक सकते हैं। इस दौरान मानवीय सहायता के वितरण के साथ ही बंधकों की रिहाई की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है।

### गाजा और वेस्ट बैंक में हो फिलिस्तीनी नेतृत्व की सरकार


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा और वेस्ट बैंक के लिए एकजुट और फिलिस्तीनी नेतृत्व वाली सरकार का आह्वान किया। यह दृष्टिकोण सैन्य अभियान समाप्त होने के बाद फिलिस्तीनी क्षेत्रों का भविष्य कैसा होना चाहिए इस ओर एक कदम है। बता दें कि ब्लिंकन सात प्रमुख औद्योगिक लोकतंत्र समूह की बैठक के लिए जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे थे। बैठक इजराइल में हमास के 7 अक्टूबर के हमलों और गाजा में फंसे 2.3 मिलियन फिलिस्तीनियों की पर केंद्रित थी। गाजा के लिए आगे क्या होना चाहिए इस पर अमेरिकी क्या सोचते हैं इसको लेकर विदेश मंत्री ब्लिंकन ने यूएस का पक्ष रखा। अमेरिका की रूपरेखा इजरायल की कट्टर–दक्षिणपंथी सरकार के अधिकारियों और उसके समर्थकों द्वारा युद्ध के बाद के परिदृश्यों पर एक जांच के रूप में भी काम करती है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 23वां राज्य स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस**

## विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 23वां स्थापना दिवस जनपद में धूमधाम से मनाया गया। सभी स्कूलों–कॉलेजों सहित अन्य संस्थानों में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं मुख्य कार्यक्रम अगस्त्यमुनि खेल मैदान में आयोजित हुआ जहां पर जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा जनपद के शहीद राज्य आंदोलनकारी यशोधर बेंजवाल की पत्नी श्रीमती उमा देवी बेंजवाल व अशोक कैशिव के भाई मनोज कैशिव को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लाभार्थियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। जिसमें कृषि विभाग द्वारा पांच लाभार्थियों, उद्यान विभाग के पांच लाभार्थी, डीडीआरडी रुद्रप्रयाग द्वारा 08 लाभार्थी, युवा कल्याण



विभाग द्वारा 06 लाभार्थियों, डेयरी विकास द्वारा 12 लाभार्थियों, खेल विभाग द्वारा 05 पदक विजेताओं, मत्स्य विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को, पशुपालन विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को खंड विकास अगस्त्यमुनि द्वारा 06 लाभार्थियों, ऊखीमठ द्वारा 04 तथा जखोली द्वारा 05 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

गुरुवार को खेल मैदान अगस्त्यमुनि में आयोजित समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी ने राज्य ध्वज फहरा कर किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा संचालित स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग, उरेडा खेल एवं बाल विकास विभाग के स्टॉलों पर लगी सामग्री एवं मॉडलों की जानकारी भी ली। कार्यक्रम के दौरान खेल मैदान में आयोजित मंदाकिनी शरदोत्सव में भी जिलाधिकारी ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि जनपद विकास के पथ पर अग्रसर है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राज्य बनाने से लेकर राज्य चलाने एवं आर्थिकी सुधार में मातृशक्ति का बड़ा योगदान है। हालांकि अब भी रोजगार के क्षेत्र में बड़े सुधार की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है।

विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज गौरव का दिन है कि आज हम अगस्त्य ऋषि की तपोभूमि में राज्य स्थापना दिवस को मना रहे हैं। उन्होंने राज्य के गठन के लिए शहादत देने वाले शहीदों का याद किया। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों को अपने क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य करने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी

### स्थापना दिवस पर विधायक कैड़ा को किया सम्मानित

**संवाददाता** हल्द्वानी। राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा को युवाओं ने सम्मानित किया। सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विधायक को राज्य आंदोलन के दौरान महीनों तक हल्द्वानी और फतेहपुर की जेल में रहना पड़ा। कैड़ा ने कहा कि आंदोलनकारियों के कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प से ही अलग राज्य का निर्माण हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है। 2025 तक पूरे देश में राज्य की अलग पहचान बनेगी। जिला पंचायत सदस्य जीतेंद्र चनौतिया, प्रधान डीकर मेवाडी, पंकज सिंह बोरा, निखिल महतोलिया, सुंदर लमगडिया, राजू पडलिया, भाष्कर शर्मा, ईश्वर मटियाली, तेज सिंह गौंनिया, मनोज मेवाडी, राजेंद्र बिष्ट, पान सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### राज्य का पहला नशा मुक्ति केंद्र जनवरी में होगा तैयार

**संवाददाता** हल्द्वानी। हल्द्वानी मैं बनने वाला राज्य का पहला सरकारी नशा मुक्ति केंद्र जनवरी में तैयार हो जाएगा। वर्तमान में केंद्र का 50 प्रतिशत से ज्यादा मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री के राज्य को नशा मुक्त प्रदेश बनाने की घोषणा के बाद से अधिकारी केंद्र को जल्द से जल्द तैयार करने में जुटे हैं। पांडेनवाड़ में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की तीन मंजिला बिल्डिंग में नशा मुक्ति केंद्र का मरम्मत का काम 50 प्रतिशत हो गया है। करीब 1.24 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले राज्य के इस पहले नशा मुक्ति केंद्र में 40 बेड की सुविधा होगी।

### अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग पर बम्पर हॉलिडे शॉपिंग सीजन के लिए तैयार

**संवाददाता** देहरादून। अमेजॅन ने आज घोषणा की कि उसके अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम पर भारतीय निर्यातक वार्षिक ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे (बीएफसीएम) बिक्री कार्यक्रमों के दौरान दुनिया भर के ग्राहकों के लिए लाखों मेड इन इंडिया उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष ग्राहकों के पास खरीदारी के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक दिनों का समय होगा। भारतीय निर्यातकों ने 17 नवंबर को शुरू होने वाली और 27 नवंबर को समाप्त होने वाली बिक्री कार्यक्रम के लिए अमेजॅन की वैश्विक वेबसाइटों पर 50,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। वैश्विक स्तर पर अमेजॅन के ग्राहक भारत भर के निर्यातकों के परिधान, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, कार्यालय उत्पाद, आभूषण, सौंदर्य और फर्नीचर होम और किचन, एसटीईएम खिलौने सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों को देख सकेंगे।

## राज्य स्थापना दिवस पर स्थायी निवास की प्रतियां जलाई

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मूल निवास–भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने घंटाघर स्थित इंद्रमणि बडोनी चौक पर स्थायी निवास प्रमाण पत्र की प्रतियां जलाई। समिति के सदस्यों ने उपवास रखने से पूर्व कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इंद्रमणि बडोनी चौक पर स्थायी निवास प्रमाण पत्र की प्रतियां जलाने के बाद मूल निवास–भू–कानून समन्वय संघर्ष समिति के मोहित डिमरी ने कहा कि मूल निवास की व्यवस्था खत्म होने से राज्य की अवधारणा ही खत्म हो गई है। उत्तराखंड यहां के मूल निवासियों का नहीं, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों का राज्य बनकर रह गया है।

राज्य बनने के बाद 45 लाख से अधिक लोग बाहर से आ गए, यह हमारे संसाधनों की खुली लूट है। हमारी अपनी पहचान खतरे में है और जिस समाज के लिए अपने ही राज्य में श्पहचानश का संकट खड़ा हो जाए, उस समाज का भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता है। हमारी पहचान, संस्कृति, परंपरा और सभी तरह के संसाधन खतरे में हैं। मूल निवास का संवैधानिक अधिकार हमसे छीन लिया गया है। वर्ष 1950 में राष्ट्रपति के आदेश के बाद यह व्यवस्था देश के बाकी सभी राज्यों में लागू है। केवल उत्तराखंड ही देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसमें मूल निवास के प्रावधान को खत्म कर दिया गया है।



## राज्य स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया आयोजन

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने क्लेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपर जिलाधिकारी ने राज्य स्थापना दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों, शहीदों को नमन करते हुए समस्त जनता को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी से विकास कार्यो में अपना योगदान देकर राज्य निर्माण में अपना सहयोग करने की बात कही। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद पौड़ी की टीम व डीएनए कोटद्वार के बीच फाइनल मैच खेला जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेजों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

## राज्य स्थापना दिवस पर किया गया आंदोलनकारियों को सम्मानित

**संवाददाता** पुरोला। तहसील प्रांगण पुरोला व मोरी में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों को फूल मालाएं व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

बृहस्पतिवार को पुरोला तहसील के विभिन्न विद्यालयों व सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों सहित तहसील प्रांगण में राज्य स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।तहसील में प्रशासन की ओर से गोष्ठी का आयोजन कर राज्य आंदोलनकारियों को तहसीलदार जिनेन्द्र रावत व मोरी में जबर सिंह असवाल ने फूल मालाएं व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों

### पुरोला व मोरी में राज्य स्थापना दिवस पर किए गए कार्यक्रम

में अध्यक्ष राजेंद्र रावत, विपिन चौहान, राजेन्द्र रावत,राजपाल पंवार व दलवीर रावत ने अपने विचार रखते हुए राज्य की उन्नति व विकास के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट रहकर आपने अधिकारों के लिए समर्पित रहने की अपील की।

वंही दूसरी ओर कमल नदी तट खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में न्यायपंचायत स्तर की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया,खेल संयोजक प्रभाकर दुबे व अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया।

वहीं दूसरी ओर बिकासखंड मोरी मे स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने राज्य आंदोलनकारीयों को सम्मानित करते हुए न्याय पंचायत खेल महाकुंभ का उद्घाटन किया।

विधायक ने राज्य स्थापना स्थापना दिवस पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। खेल प्रतियोगिताओं में अंडर 17 व अंडर 14 में कबड्डी सहित लंबी दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक,चक्का,भाला फेंक आदि एथलीट प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत, क्रीड़ा प्रभारी जनक सिंह,त्रेपन रावत, विशन सिंह रावत, सुखदेव नौडियाल,सीमा देसवाल,मोहन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने हर्षोल्लास संग मनाया राज्य स्थापना दिवस

**संवाददाता** हल्द्वानी। जिला–महानगर कांग्रेस ने स्वराज आश्रम में उत्तराखंड का 24वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।
गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, सतीश नैनवाल, महेश शर्मा, हरीश सिंह मेहता ने कहा कि जिन परिकल्पनाओं को लेकर अलग उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ वह साल दर साल धूमिल होती जा रही हैं। पहाड़ों से पलायन की दर बढ़ रही है। उचित शिक्षा और समुचित स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में पहाड़ खाली होते जा रहे हैं। इस दौरान शोभा बिष्ट, जीवन कार्की, राजेन्द्र उपाध्याय, गोविन्द बगडवाल, मीमांशा आर्य, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट, पार्षद राजेन्द्र जीना, हेमन्त साहू, नवीन सांगूड़ी, संदीप भैसोड़ा, सौरभ भट्ट, कमला तिवारी, मीमांशा आर्य, प्रीति आर्य, आदि मौजूद रहे।

# नागरिकता लेने के मामले में भारतीय अव्वल

**अमीर देशों की नागरिकता लेने के मामले में भारतीय अव्वल हैं। 2019 से ही भारत ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट देशों के नए नागरिकों के मूल राष्ट्र के रूप में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए है। 2020 में भारत चीन को इस मामले में पीछे छोड़ चुका है।**

अनुज सनवाल।।

इंटरनैशनल माइग्रेशन आउटलुक की ताजा रिपोर्ट बताती है कि अमीर देशों की नागरिकता लेने के मामले में भारतीय अव्वल हैं। 2019 से ही भारत ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट देशों के नए नागरिकों के मूल राष्ट्र के रूप में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए है। 2020 में भारत चीन को इस मामले में पीछे छोड़ चुका है। ध्यान रहे, श्रम की कमी से जूझते इन देशों के लिए ये नए नागरिक काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि हाल के वर्षों में OECD देशों ने इस तरफ ध्यान दिया। नतीजा यह कि इन देशों में आने वाले नए परमानेंट–टाइप माइग्रेंट की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। पिछले साल यानी 2022 की ही बात करें तो OECD देशों में आने वाले परमानेंट–टाइप माइग्रेंट्स की संख्या 61 लाख दर्ज की गई जो सीधे 26 फीसदी की बढ़ोतरी है। ध्यान रहे, इन 61 लाख में से 28 लाख भारतीय हैं। पूरी दुनिया के लिहाज से देखें तो भी ग्लोबल माइग्रेंट इनफ्लो में भारत का योगदान करीब 7.5 फीसदी है। यह स्थिति उन देशों के लिए तो फायदेमंद है ही, खुद भारत के लिए भी कम लाभदायक नहीं साबित हुई है। अव्वल तो विदेश जाने वाले इन लोगों से रेमिटेंस हासिल करने के मामले में भी भारत नंबर वन पर है। 2022 में यह रकम 111 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी का 3.3 फीसदी थी।



स्वाभाविक ही इस रकम से खपत में इजाफा होता है जिससे इकॉनमी को मजबूती मिलती है। लेकिन इसके और भी बहुत सारे फायदे हैं जो अलग–अलग रूपों में सामने आते हैं। इनका ठोस अंदाजा तब होता है जब हम इन माइग्रेंट्स के बदलते स्वरूप पर ध्यान देते हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक देश को मिलने वाले रेमिटेंस का 36 फीसदी अमेरिका, इंग्लैंड और सिंगापुर के हाई–स्किल्ड माइग्रेंट्स से आता है। यानी इन माइग्रेंट्स का सबसे बड़ा हिस्सा टेक इंडस्ट्री में खप रहा है। और, इस तरह धीरे–धीरे सबसे गतिशील आर्थिक क्षेत्र में भारत और दुनिया के बीच एक पुल बनता जा रहा है। इसका एक बड़ा फायदा कोलैबरेशंस के जरिए भारत में हो रहे निवेश और तकनीकी हस्तांतरण में भी देखा जा सकता है। विकसित देशों में हो रहे माइग्रेशन के इन फायदों के बीच यह बात भी ध्यान में रखने लायक है कि इस माइग्रेशन के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर होता है बेहतर अवसरों की तलाश जिसकी इन देशों के मुकाबले अपने यहां कमी है। अगर हमें 2047 तक विकसित देश का स्टेटस हासिल करने का लक्ष्य पाना है तो तीन बुनियादी पहलुओं पर खास ध्यान देना होगा– शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर। दो–चार प्रतिष्ठित संस्थान बनाना काफी नहीं है। देश के शिक्षा संस्थान हाई–स्किल्ड युवा देने लगें तो बेहतर रोजगार के हालात बनेंगे जिससे क्वॉलिटी ऑफ लाइफ बेहतर होगी। और फिर विकसित देश बनने का सपना भी दूर नहीं रह जाएगा।

## दोगुना दंड

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन

ये तो निश्चित है क्यो की यही संसार का नियम है और कर्म की नीती । यहां तक की स्वयं ईश्वर भी जब तक जरूरत ना पड़े तब तक किसी के कर्म मे हस्तक्षेप नहीं करते। ठीक इसी प्रकार यदि आप किसी का बुरा सोचोगे बुरा करोगे तो पलट के आपको उसका दोगुना दंड मिलेगा वो भी इसी जन्म मे। यही कर्म की नीती है। दोपहर का वक्त था, बारिश का मौसम बन रहा था और सड़क किनारे एक बूढी औरत उदास खड़ी थी. उस बूढी औरत की कार खराब हो गयी थी और बारिश की वजह से कोई उसकी मदद नहीं कर रहा था। तभी वहां से एक आदमी गुजर रहा था जो देखने में थोड़ा गरीब लग रहा था. उस व्यक्ति ने बूढी औरत को देखा और उससे पुछा "क्या हुआ माता जी?? आप ठीक तो है?"

## संपादकीय

### सुप्रीम बहस जरूरी

सुप्रीम बहस की रोशनी में ही कुछ निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। यह तय होना जरूरी है कि अगर किसी मामले में महिला के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाया जाता है तो सिर्फ रेप का सेक्शन लगेगा या फिर धारा–377 भी लगाया जाएगा। अगर धारा–376 यानी रेप का ही सेक्शन लगेगा तो फिर धारा–377 की परिभाषा में बदलाव की जरूरत होगी। अगर दोनों सेक्शन लगेंगे तो क्या क्रिमिनल जूरिस्प्रूडेंस के तहत जिसमें कम सजा होगी, उस सेक्शन के हिसाब से गुनहगार को सजा दी जाएगी? एडवोकेट ज्ञानंत सिंह का नजरिया इस मामले में कुछ अलग है। वह कहते हैं कि निर्भया केस के बाद रेप लॉ में जो बदलाव हुआ है उसके बाद की स्थिति में किसी महिला के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाया जाता है तो दो सेक्शन लागू होते हैं– आईपीसी की धारा–377 (जबरन अप्राकृतिक संबंध) और 376 (बलात्कार)। क्रिमिनल जूरिस्प्रूडेंस कहता है कि अगर किसी मामले में दो धाराएं लागू होती हैं तो फिर जिसमें कम सजा हो, वह आरोपी पर लागू होगी। उनके मुताबिक ऐसी स्थिति में धारा–377 अप्लाई होना चाहिए क्योंकि सजा इसमें कम रखी गई है। नए रेप लॉ की परिभाषा व्यापक हो गई है और सजा भी सख्त है। ऐसे में महिलाओं को ज्यादा प्रोटेक्शन मिले इसके लिए इन कानूनी पहलुओं की व्याख्या जरूरी है।

मैरिटल रेप का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है और उस पर बहस होनी है। जानकार मानते हैं कि रेप कानून में हुए बदलाव के बाद जो नए सवाल खड़े हुए हैं, उनका परीक्षण होना जरूरी है।

# रेप कानून में हुए बदलाव

राजेश चौधरी।।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले में फैसला दिया है कि पति के खिलाफ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने का केस नहीं चल सकता क्योंकि रेप मामले में पति को अपवाद में रखा गया है और अब अप्राकृतिक संबंध भी रेप के दायरे में आते हैं। मैरिटल रेप का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है और उस पर बहस होनी है। जानकार मानते हैं कि रेप कानून में हुए बदलाव के बाद जो नए सवाल खड़े हुए हैं, उनका परीक्षण होना जरूरी है। MP हाईकोर्ट के मुताबिक, पति के खिलाफ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने का केस नहीं चल सकता।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि 2012 के निर्भया कांड के बाद इंडियन पीनल कोड में रेप को जिस तरह से परिभाषित किया गया है उसे देखते हुए पति के खिलाफ अप्राकृतिक संबंध के मामले में केस नहीं बनेगा। पति–पत्नी के बीच के संबंध में कोई बैरियर नहीं है। दरअसल, 2013 के नए रेप लॉ के तहत जो परिभाषा है, उसमें जबरन अप्राकृतिक दुराचार और जबरन यौनाचार दोनों को रखा गया है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि होमोसेक्सुअलिटी पर जजमेंट में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सहमति से अप्राकृतिक संबंध अपराध नहीं होगा। यहां मामला पति और पत्नी का है। चूंकि रेप लॉ की



परिभाषा के तहत अप्राकृतिक संबंध भी उसी दायरे में आ गए हैं और पति व पत्नी के केस में सहमति मायने नहीं रखती, इसलिए मामला नहीं बनता। आईपीसी की धारा–375 में रेप को परिभाषित किया गया है। आगे बढ़ने से पहले इस संबंध में कानूनी प्रावधानों पर एक नजर डाल लेते हैं। कानून कहता है कि कोई शख्स किसी भी महिला के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ संबंध बनाता है तो वह रेप होगा। महिला के शरीर के किसी भी अंग में अगर पुरुष अपना प्राइवेट पार्ट जबरन डालता है तो वह रेप होगा। महिला के गुप्तांग में पुरुष कोई भी ऑब्जेक्ट डालता है तो वह भी रेप होगा।

महिला (अविवाहित) की उम्र अगर 18 साल से कम है तो उसकी सहमति के मायने नहीं हैं। यानी 18 साल से कम उम्र की लड़की की सहमति से बनाए गए संबंध भी रेप ही माने जाएंगे। अगर कोई लड़की 15 साल से कम उम्र की है और उसके पति ने उससे संबंध बनाए तो वह रेप होगा। लेकिन अगर पत्नी की उम्र 15 साल से ज्यादा है तो फिर पति द्वारा सहमति के बगैर बनाया गया संबंध रेप नहीं होगा। मैरिटल रेप को अपवाद में रखा गया है। 11 अक्टूबर 2017 को दिए एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल से ऊपर की नाबालिग पत्नी के अपवाद को निरस्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर पत्नी की उम्र 15 साल से लेकर 18 साल के बीच है और उसकी मर्जी के खिलाफ उससे संबंध बनाए जाते हैं तो वह पति के खिलाफ रेप का केस दर्ज करा सकती है।

साफ है कि अगर पत्नी की उम्र 18 साल से ज्यादा है तो नए रेप लॉ के तहत वह पूरी तरह से अपवाद की श्रेणी में है। यहां यह भी गौर करने लायक है कि आईपीसी की धारा–377 अप्राकृतिक संबंध को अपराध बनाती है। कानूनी प्रावधान कहता है कि अगर कोई शख्स किसी आदमी या औरत या फिर जानवर के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता है तो आईपीसी की धारा–377 के तहत दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल तक कैद या फिर उम्रकैद की सजा होगी।

### अष्टयोग-4996

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | | | 7 | 5 |
| | 25 | | 26 | 5 | 40 | |
| 4 | 5 | 1 | | | 2 | |
| | 37 | 6 | 35 | | 27 | 3 |
| | 3 | | | 4 | 1 | |
| 5 | 33 | 4 | 42 | | 26 | |
| 2 | | | 6 | 3 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4995 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 30 | 6 | 30 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 39 | 7 | 31 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 31 | 5 | 35 | 5 | 33 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### महिलाओं के ज्यादा विक्टिमाइज होने का डर

**मोहन।** सुप्रीम कोर्ट ने सहमति से अप्राकृतिक संबंध को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया था। लेकिन अगर जबरन ऐसा कोई संबंध बनाता है तो वह अपराध होगा। एडवोकेट रेखा अग्रवाल मानती हैं कि रेप लॉ में बदलाव के बाद पति–पत्नी के मामले में अप्राकृतिक संबंध भी अपवाद के दायरे में आ गए हैं, लेकिन उनका कहना है कि इस कारण महिलाओं के ज्यादा विक्टिमाइज होने का डर है। दरअसल, नया रेप कानून कहता है कि महिला के शरीर के किसी भी अंग में अगर पुरुष जबरन अपना प्राइवेट पार्ट डालता है तो वह रेप होगा। देखा जाए तो कानून बनाने वालों ने महिलाओं को ज्यादा प्रोटेक्ट करने के लिए रेप के दायरे को बढ़ा दिया, लेकिन इससे रेप में मिले अपवाद का दायरा भी बढ़ गया। महिलाओं को प्रताड़ना से बचाने के लिए कानून में उसे ज्यादा सुरक्षा दी गई है तो कानून बनाने वालों से उम्मीद की जानी चाहिए कि वे इस पहलू पर भी विचार करें ताकि महिलाएं बेवजह विक्टिमाइज होने से बचें।





## रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो के बाद पहली बार आईं पब्लिक के सामने

रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद पहली बार एक्ट्रेस पब्लिक के सामने नजर आई हैं और वह काफी डरी–सहमी सी दिखीं। पिछले कई दिनों से उनका डीपफेक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल रश्मिका का एक अश्लील फेक वीडियो तैयार किया गया और देखते ही देखते इस वायरल वीडियो ने हर तरफ सनसनी मचा दी। इसी के साथ इस कॉन्टेंट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटाने की एडवायजरी तक जारी हो गई। लेटेस्ट वीडियो में रश्मिका पपाराजी से बचती हुई भी दिखीं। इस वीडियो ने पूरी इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी और अमिताभ बच्चन जैसे कई बड़े फिल्मी सितारों ने इस घिनौने अपराध के खिलाफ कदम उठाए जाने की मांग भी की। अब उस वीडियो के बाद पहली बार रश्मिका रणबीर कपूर के साथ दिखीं। वह टी–सीरीज के ऑफिस से बाहर निकल रही थीं और तभी कैमरे में कैप्चर हो गईं। रणबीर उनके साथ दिख रहे थे और रश्मिका काफी डरी हुई सी नजर आईं। इस वीडियो पर लोग लगातार रश्मिका को सपोर्ट कर रहे हैं। रश्मिका इस वक्त रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्म एनिमल को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में श्एनिमलश् का धांसू टीजर जारी हुआ जिसे लोगों ने काफी पसंद किया है। इस फिल्म मे रश्मिका रणबीर की गर्लफ्रेंड की भूमिका में नजर आनेवाली हैं।

## एल्विश यादव से नोएडा पुलिस ने की पूछताछ, 3 घंटे चले सवाल–जवाब

यूट्यूबर और बिग बॉस फेम एल्विश यादव की मुसीबतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अब नोएडा पुलिस ने सांपों की तस्करी मामले में एल्विश यादव से पूछताछ की है। दरअसल नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर को नोटिस भेजा था। इसके बाद वह आधी रात को नोएडा पहुंचे तो पुलिस ने इस केस में उनसे सवाल जवाब किए हैं। हालांकि पूछताछ के बाद एल्विश यादव को जाने दिया गया। यूट्यूबर एल्विश यादव से देर रात में पुलिस ने पूछताछ की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूट्यूबर से करीब 3 घंटे पुलिस ने सवाल जवाब किए। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उन्हें जाने दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना कि जांच अभी जारी है। फिलहाल आरोपी से प्राथमिक पूछताछ की गई है। मालूम हो, नोएडा सेक्टर 49 में वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है।

## आमिर की बेटी आइरा ने शेयर किए प्री वेडिंग की नई तस्वीरें



आमिर खान की बेटी आइरा की कुछ और नई तस्वीरें सामने आई हैं। आइरा जल्द ही अपने मंगेतर नुपूर शिखारे के साथ शादी के बंदन में बंधने जा रही हैं। शादी से पहले कुछ ट्रडिशन होते हैं और इन्हीं में से एक रस्म के लिए सज–धजकर तैयार हुईं आइरा। आइरा ने अपनी ये तस्वीरें जैसे ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कीं लोग अनुमान लगाने लगे कि ये तस्वीरें हल्दी सेरिमनी की हैं। अब आइरा ने खुद बताया है कि ये तस्वीरें वास्तव में किस मौके की हैं जिसमें होनेवाले दूल्हा और दुल्हन ठीक वैसे ही तैयार होते दिख रहे जैसे हल्दी की रस्मों पर होते हैं। आइरा ने इस खास अवसर की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। इसके अलावा आइरा ने एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह मराठी में कुछ बोलने की कोशिश करती दिख रही हैं। आइरा इन तस्वीरों में दुल्हन की तरह लाल रंग की साड़ी और फ्लोरल जूलरी में दिख रही हैं। उन्होंने अपने होनेवाले दूल्हे नुपूर के साथ क्लोज खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह कहती दिख रही हैं कि उन्हें मराठी आती है और वो पर्पोय को लेकर जाती हैं। हालांकि, बीच में वो अपनी लाइन भूल जाती हैं तो मां रीना दत्ता कान में उन्हें आगे की लाइन सिखाती हैं।

# कैप्टन अमेरिका को पछाड़ पैट्रिक डेम्पसी बने सेक्सिएस्ट मैन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अमेरिकी एक्टर और रेसिंग ड्राइवर पैट्रिक डेम्पसी छा गए हैं। वह साल 2023 के सेक्सिएस्ट मैन अलाइव की लिस्ट में शुमार हुए हैं। पिपल मैग्जीन की सेक्सिएस्ट मैन की लिस्ट में पैट्रिक ने नाम दर्ज करवाया है। 57 साल के एक्टर ने इस मुकाम को हासिल किया है। इस पर एक्टर ने प्रतिक्रिया भी दी है। आइए बताते हैं पैट्रिक से पहले किन किन स्टार्स ने इस टाइटल को अपने नाम किया है। ग्रे एनाटॉमी के डॉक्टर डेरेक को पिपल मैगजन 2023 के खास खिताब से नवाजा गया है। मैगजीन के कवर पर जगह बनाते हुए वह सेक्सिएस्ट मैन अलाइव बन चुके हैं। 57 साल की उम्र में ये खिताब जीतने पर उन्होंने रिएक्ट भी किया है।*

**टाइटल जीतने पर क्या बोले पैट्रिक**

एक्टर ने कहा कि वह काफी खुश हैं कि जिंदगी के इस मोड़ पर उन्हें सेक्सिएस्ट मैन अलाइव टाइटल से नवाजा गया है। पैट्रिक ने कहा, मैं तो पूरी तरह से शॉक्ड हूं। इस न्यूज को जानने के बाद मैं हंसने लगा। क्या ये जोक है। खैर मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इस टाइटल के रूप में चुना गया।

**पैट्रिक डेम्पेसी के बच्चों का रिएक्शन**

पैट्रिक डेम्पेसी ने ये भी बताया कि उनके बच्चे भी काफी एक्साइटिड हो गए। वहीं इंटरनेट पर कुछ यूजर्स ने इस नाम



पर असहमति जताई। यूजर्स का कहना है कि सेक्सिएस्ट मैन अलाइव के लिए और भी कई नाम थे, जो बेहतर चॉइस होती।

**पिछले साल क्रिस इवांस ने जीता था ये खिताब**

पिछले साल सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2022 का टाइटल कैप्टन अमेरिका फेम क्रिस इवांस ने जीता था। वहीं इससे पहले पॉल रूड भी कई बार इस टाइटल को अपने नाम कर चुके हैं। उनके अलावा माइकल बी. जॉरडन, डॉन लीजेंड और इड्रिस एल्बा जैसे स्टार्स भी श्सेक्सिएस्ट मैन अलाइवश रह चुके हैं।

**कौन हैं पैट्रिक डेम्सी, क्यों हैं इतने पॉपुलर**

पैट्रिक डेम्सी अमेरिकी एक्टर और रेसिंग ड्राइवर हैं। वह एक्टिंग में साल 1985 से काम करते आ रहे हैं। अब तक कई फिल्मों और टीवी ड्रामा में वह काम कर चुके हैं। हेवन हेल्प अस, ए फाइटिंग चॉइस, सम गर्ल्स, लवरबॉय, रन, बैंक रोबर, विद हॉनर्स, लकी 7, फेरारी से लेकर वेलेंनटाइन्स डे और Grey's Anatomy जैसी फिल्मों में नजर आए हैं।

# सुशांत सिंह राजपूत की बात कर रो पड़ीं अंकिता लोखंडे

*अंकिता गार्डन एरिया में अभिषेक से बात कर रही थीं। दोनों सुशांत की बात कर रहे थे। अंकिता बता रही थीं कि वह किस तरह के इंसान थे। इसी दौरान वह अभिषेक से कहती हैं, जब तू शर्ट के बिना घूमता है तो मुझे सुशांत याद आ जाता है। तू उसकी तरह लगता है। उसका फिजीक ऐसा ही था।*



**वो हर चीज में घुस जाता था**

अभिषेक ने कहा कि उनकी और सुशांत की जर्नी और बैकग्राउंड भी एक जैसा है। यह सुनकर अंकिता ने जवाब दिया, लेकिन वो इतना गुस्सा नहीं करता था। बहुत शांत था सुशांत। आप कैसे अपनी जर्नी चालू करते हो। बहुत मेहनती था वो। उसकी बात ही अलग थी। एकदम अलग लेवल का मेहनती था। लेकिन जब आप हर डिटेल में घुसने लगते हो तो कुछ भी ऊपर–नीचे होता तो अफेक्ट होने लगते हो। मैं एकदम ईजी गो लकी हूं। लेकिन सुशांत हर चीज में घुस जाता था।

**वो बहुत मेहनती था, एकदम अलग लेवल पर**

अंकिता ने आगे कहा, वो घुस जाता था, जो भी उसको चाहिए होता था। थोड़ा सा भी ऊपर–नीचे हो जाता था, तो परेशान हो जाता था। लोग उसके बार में ट्विटर पर क्या बोल रहे हैं, इससे भी वह अफेक्ट हो जाता था। यह उसके लिए नॉर्मल था, क्योंकि वह बहुत छोटी जगह से था। इतनी बड़ी जगह नाम कमाना आसान नहीं है। इतना कहकर अंकिता रोने लगती हैं।

**सुशांत पर गर्व होता है, वो फैमिली है**

अभिषेक ने अंकिता से कहा कि उन्होंने सोचा था कि वह उनसे सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात नहीं करेंगे। फिर अंकिता ने कहा, नहीं ठीक है। उसके बारे में बात करना अच्छा ही लगता है। मुझे उस पर गर्व होता है। बहुत ज्यादा गर्व। वो फैमिली है।

**कोई चला ही जाए दुनिया छोड़ के, क्या कर लोगे?**

अंकिता ने फिर बताया कि सुशांत सिंह राजपूत से ब्रेकअप होने और उनकी मौत पर विक्की जैन ने उन्हें कैसे सपोर्ट किया था। अंकिता ने कहा कि सुशांत, विक्की का भी दोस्त था। और विक्की ने इस तरह के मामलों में उन्हें हमेशा सपोर्ट किया। वह बोलीं, आप क्या कर लोगे, जब कुछ है ही नहीं। कोई चला ही जाए दुनिया छोड़ के, क्या कर लोगे। आपको सपोर्टिव होना ही होगा। मुझे सपोर्ट करने वाला कोई नहीं था। लेकिन विक्की ने हर चीज अच्छे से संभाली।

# गुड़ की डली में मिलाकर खाएं ये चीज, फेफड़े चमका देगा ये देसी नुस्खा



**ठंड में रोज खाएं गुड़**

ठंड के सीजन में गुड़ को डाइट का हिस्सा बना लें। इसकी तासीर गर्म होती है और बॉडी का कोर टेम्प्रेचर बढ़ता है। जिन लोगों को ज्यादा सर्दी लगती है, वो हर रात में इसका सेवन कर सकते हैं।

*एयर क्वालिटी इंडेक्स को देखकर सांस वैसे ही फूलने लगती हैं। पॉल्यूशन नाक से घुसता है और फिर फेफड़ों में जाकर जम जाता है। वहां से केमिकल खून में घुलकर दिल, दिमाग, किडनी समेत पूरी बॉडी को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। लेकिन क्या आप पॉल्यूशन को निकालकर फेफड़ों को क्लीन कर सकते हैं?*

हर रात हमारा शरीर अपनी सफाई करता है, मगर प्रदूषण निकालने के लिए नेचुरल सिस्टम के अलावा कुछ उपाय भी अपनाने पड़ेंगे। आयुर्वेद के जाने माने एक्सपर्ट डॉ. अबरार मुल्तानी ने एक उपयोगी एंटी पॉल्यूशन ट्रीटमेंट के बारे में बताया है। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को हेल्दी बनाने में मदद करता है।

**फेफड़ों की झाड़ू है गुड़**

साइंस भी गुड़ को एक बेहतरीन लंग क्लीनर मानता है। आयरन से भरा ये खाद्य पदार्थ सांस के रोग से बचाने में मदद करता है। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सांस के साथ आवाज आना और अन्य विकार के मरीजों को इस नेचुरल स्वीटनर का सेवन करना चाहिए।

**दिन में 2 बार लें ये देसी नुस्खा**

पॉल्यूशन से लंग्स को बचाने के लिए डॉ. मुल्तानी ने 3 ग्राम गुड़, 1 ग्राम सूखा अदरक (सोंठ), 1/2 ग्राम काली मिर्च, 1/2 ग्राम अजवाइन और 5 तुलसी के पत्ते को मिलाकर खाने की सलाह दी है। यह आयुर्वेदिक उपाय इंफेक्शन से भी बचाता है और इसे सुबह नाश्ते के बाद और रात में सोने से पहले लें।

**डायबिटीज वाले बचें**

डायबिटीज के मरीजों को ये उपाय नहीं देना चाहिए। गुड़ मीठा होता है और इसे खाने से ब्लड शुगर बढ़ता है। किसी भी आयुर्वेदिक उपाय को करने से पहले आपको डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**गुड़ खाने के सारे लाभ**

आयरन, मैग्नीशियम और पोटैशियम से रिच
डाइजेशन में सुधार
एनीमिया रोकता है
लिवर की सफाई



## ठंड में जोड़ों को तोड़कर रख देगा यूरिक एसिड, देसी उपायों से करें इसका इलाज

कई बार यह किडनी की पथरी का कारण भी बनता है। खून में यूरिक एसिड बढ़ने पर आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं जिनमें जोड़ों में दर्द, जोड़ों के सूजन, जोड़ों के आसपास का हिस्सा लाल होना, किडनी की पथरी या त्वचा के नीचे गांठ होना आदि शामिल हैं। यूरिक एसिड और इससे होने वाले लक्षणों के लिए कई दवाएं मेडिकल इलाज मौजूद हैं लेकिन इसके लिए आप कई नैचुरल उपाय भी ट्राई कर सकते हैं। यहां कुछ नैचुरल उपचार दिए गए हैं जो यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकते हैं। भरपूर पानी पीने से शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है और गाउट के हमलों का खतरा कम हो सकता है। प्रतिदिन कम से कम 8 कप पानी पीने की सलाह दी जाती है, और यदि आप व्यायाम कर रहे हैं या गर्म मौसम में हैं तो इससे अधिक पीने की सलाह दी जाती है। संतुलित आहार खाने से यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें उन खाद्य पदार्थों से बचना शामिल है जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जैसे कि रेड मीट, समुद्री भोजन और ऑर्गन मीट, और इसके बजाय पौधे-आधारित प्रोटीन, जैसे बीन्स और दाल का चयन करना। नींबू पानी या विटामिन सी से भरपूर पेय पदार्थ शरीर में यूरिक एसिड को बेअसर करने में मदद करते हैं।

## बिगड़ गया है आपका पाचन, तो ये मसाले दिलाएंगे गैस और कब्ज से राहत

फेस्टिव सीजन शुरू हो चुका है। कुछ ही दिनों में दिवाली का त्योहार आने वाला है। ऐसे में हर कोई इस पर्व की तैयारियों में लगा हुआ है। दीपावली हिंदूओं का सबसे प्रमुख त्योहार है, जिसे हर साल देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। त्योहारों का सीजन हो और खाने-पीने का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। फेस्टिव सीजन में बनने वाले पकवानों का स्वाद ही कुछ अलग होता है। ऐसे में लोग सारी पाबंदियां भूलकर इस दौरान जमकर खाते हैं। जीरा हमारे पाचन तंत्र के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह हमारी आंत के स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। साथ ही इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-डाइबिटिक और कार्डियो-प्रोटेक्टिव गुण होते हैं। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि जीरा बाइल प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है, जो पोषण अब्जॉर्पशन और पाचन के लिए जरूरी है। खाने में इस्तेमाल किया जाने वाला अदरक भी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में हमारी मदद कर सकता है।

## खीर से लेकर बेसन के लड्डू तक प्रोटीन का खजाना हैं ये मिठाइयां



प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। यह हमारे शरीर में सेल बिल्डिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल सेल्स को ईंधन देता है, बल्कि शरीर को ताकत देने में भी इसका भरपूर योगदान है। यह पोषक तत्व हमारी मसल्स और हड्डियों को मजबूत बनाता है। वेटलॉस करने वाले लोगों को अक्सर प्रोटीन रिच फूड लने की सलाह दी जाती है, क्योंकि यह लंबे समय तक आपको भरा हुआ रखता है। वैसे, ज्यादातर लोग प्रोटीन के लिए केवल अंडे पर भरोसा करते हैं। बेसन का उपयोग अलग-अलग भारतीय व्यंजन तैयार करने के लिए किया जाता है। बेसन सूखे चने को पीसकर तैयार होता है। बता दें कि सूखे चनें प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। आप मीठे के शौकीन हैं, तो हलवे के ऊपर बादाम और अखरोट डालने से बहुत ज्यादा प्रोटीन मिलेगा। मिल्क केक पूरी तरह से दूध से तैयार होने वाली मिठाई है। दूध प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। ऐसे में इसके एक पीस में 43 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसमें मिलाया जाने वाला खोया प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर आपको हेल्दी रखता है। मिष्टी दोई एक बंगाली मिठाई है। इसकी खासियत है कि यह गुड़ से तैयार होती है और ये प्रोटीन का बेहतरीन विकल्प भी है।

# सोच-समझ कर खरीदें रंग बिरंगी मिठाइयां और नमकीन



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कई लोग दिवाली के मौके पर नमकीन और अलग-अलग फ्लेवर के ड्रिंक को लेकर एक्सपेरिमेंट करते हैं। सभी चाहते हैं कि उनकी बनाई डिशेज के सब फैन हो जाएं। इसलिए इन दिनों व्यंजनों में स्वाद, रंग और टेक्सचर बढ़ाने वाले तत्वों का इस्तेमाल बढ़ जाता है। जिन्हें देखने के बाद हर किसी का मन इन्हें खाने का करता है। अगर आप ऐसा कर रहे हैं, तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये सभी इंग्रीडिएंट आपकी गट हेल्थ को बहुत बुरी तरह से प्रभावित करते है। इतना ही नहीं इन सीक्रेट इंग्रीडिएंट के उपयोग से आंत का माइक्रोबियल संतुलन भी बिगड़ जाता है। बता दें कि आंत का स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए ऐसे मौकों पर जब हमारे पास खाने के तमाम विकल्प हैं, इसे स्वस्थ रखना चाहिए। आइए बताते हैं उन तत्वों के बारे में, जो आपके पेट के लिए नुकसानदायक हैं।

**आर्टिफिशियल स्वीटनर्स**

फेस्टिव सीजन पर चीनी से भरपूर व्यंजन बहुत ज्यादा बनाए जाते हैं। ये खाने में भी बहुत आते हैं। हालांकि सेहत के प्रति सजग लोग चीनी के बजाय आर्टिफिशियल स्वीटनर्स का यूज कर रहे हैं, जिसमें लो कैलोरी होती है। लेकिन यह स्वीटनर आंत बैक्टीरिया के संतुलन को बिगाड़ देता है। जिससे सूजन, कब्ज और पाचन की समस्या हो सकती है। ऐसे में आर्टिफिशियल स्वीटनर्स के बजाय अगर खजूर गुड़, खजूर या ऑर्गेनिक गुड़ जैसे नेचुरल स्वीटनर्स का यूज किया जाए, जिससे पेट से जुड़ी समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है।



**खट्टापन बढ़ाने के लिए सोडियम**

भोजन तैयार करते समय नमक के अलावा, इमल्सीफायर, आटा कंडीशनर और केमिकल प्रिजर्वेटिव में भी सोडियम छिपा होता है। अफसोस इस बात का है कि इस छिपे हुए सोडियम को पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से लिखा नहीं जाता है। बल्कि इस जगह मोनोसोडियम ग्लूटामेट, सोडियम बेंजोएट, सोडियम सैकरिन और सोडियम नाइट्रेट लिख दिया जाता है। यह लोगों को भ्रमित करने का तरीका है।

**फ्लेवर और कलर्स**

खाने में बेहतर स्वाद और रंग के लिए फ्लेवर और कलर्स का उपयोग करना आम बात है। लेकिन ये स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं हैं । आर्टिफिशियल फलेवर्स मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एमएसजी), है जिसे अक्सर हाइड्रोलाइज्ड वेजिटेबल प्रोटीन के रूप में बताया जाता है। यह एक स्वाद बढ़ाने वाला प्रोडक्ट है, जो आंत में सूजन के लिए जिम्मेदार है। बाजार में मिलने वाले फ्लेवर और कलर्स खरीदने से पहले इनके लेबल को पढ लें और सही प्रोडक्ट का चयन करें।

**सिंथेटिक प्रिजर्वेटिव्स**

आमतौर पर भोजन को खराब होने से बचाने और शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए सिंथेटिक प्रिजर्वेटिव्स बहुत काम आते हैं। यह गट हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। बात अगर सोडियम बेंजोएट या सोडियम नाइट्राइट कि करें, तो इससे सिरदर्द, मतली और दस्त की समस्या हो सकती है। इसके अलावा ये गट माइक्रोबायोम और नेचुरल डाइजेशन को भी बाधित कर सकते हैं। एक्सपोजर को कम करने के लिए, बाजार से ताजे स्नैक्स और मिठाई ही चुनें।




## विश्व कप में धमाल मचा रहे हैं विराट कोहली

विश्व कप 2023 में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी बैटिंग से धमाल मचा रहे हैं। टीम इंडिया के लिए कोहली ने 8 मैचों में दो शतक के साथ 543 रन बना चुके हैं। वहीं विश्व कप में उनके नाम 1573 रन भी दर्ज हो गया। विश्व कप के मुकाबलों विराट कोहली सबसे अधिक रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर आ गए हैं।

# मोहम्मद हफीज पीछे पड़े माइकल वॉन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने हाल ही में विराट कोहली की आलोचना करते हुए कहा था कि वह सेल्फिश प्लेयर हैं। हफीज के इस बयान पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सोशल मीडिया पर उनकी क्लास दी। माइकल वॉन ने ना सिर्फ हफीज को उनके बयान पर करारा जवाब दिया बल्कि विराट कोहली की एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें सरेआम जलील भी किया है। माइकल वॉन ने हफीज के कमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, क्या बकवास है हफीज, भारत ने शानदार क्रिकेट खेलते हुए 8 टीमों को हराया है, कोहली के पास 49 शतक है। 49 शतक से पहले उन्होंने आखिरी पारी एक मुश्किल पिच पर एंकर की भूमिका वाली पारी थी। उनकी टीम 200 से ज्यादा रनों से जीती है। माइकल वॉन सिर्फ यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने फिर से एक ट्वीट किया और उसमें विराट कोहली की गेंदबाजी करते हुए तस्वीर शेयर की है जिसमें उन्होंने टी20 में मोहम्मद हफीज को बोल्ड किया था। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, ऐसा लग रहा कि कोहली ने आपको बोल्ड कर दिया था। यही कारण है कि आप लगातार कोहली पर तंज कस कर रहे हैं। मोहम्मद हफीज ने भी माइकल वॉन की एक पुरानी वीडियो शेयर की जिसमें वह उनका कैच पकड़ते हुए दिख रहे हैं।

## न्यूज डायरी




### इंजमाम उल हक का इस्तीफा पीसीबी ने किया मंजूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंजमाम-उल-हक का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। इंजमाम ने वर्ल्ड कप में टीम के खराब प्रदर्शन और हितों के टकराव के आरोपों के चलते चीफ सेलेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया था। पीसीबी ने इंजमाम का इस्तीफा स्वीकार करने की पुष्टी की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। गौरतलब हो कि इंजमाम ने 30 अक्टूबर को अपनी भूमिका से हटने का निर्णय लिया था, जिससे पीसीबी के लिए हितों के टकराव के आरोपों की निष्पक्ष जांच करने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा था कि अगर वह दोषी नहीं पाए गए तो वह मुख्य चयनकर्ता के रूप में भूमिका फिर से शुरू करेंगे। इन आरोपों की गहनता से जांच करने के उद्देश्य से पीसीबी ने एक पांच सदस्यीय टीम की स्थापना की है। इस जांच समिति को टीम चयन प्रक्रिया में हितों के टकराव के आरोपों की जटिलताओं की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि वर्तमान में पाकिस्तान टीम आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्हें 11 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ना है। सेमीफाइनल में पहुंचने के उसे मैच जीतना है, साथ ही अन्य टीमों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

### नीदरलैंड्स की स्क्वॉड में हुआ एक बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। रोहित शर्मा की ब्रिगेड ने आठ मैचों लगातार जीत हासिल की और 16 अंक के साथ ही विश्व कप 2023 के प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया। भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। उनके अलावा साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब भारत को अपना आखिरी लीग मैच नीदरलैंड्स के खिलाफ 12 नवंबर को खेलना है, लेकिन इस मैच से पहले ही नीदरलैंड्स की टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। नीदरलैंड्य की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज रेयान क्लेन की जगह युवा खिलाड़ी नोआ क्रॉस को टीम में शामिल किया गया हैं। दरअसल, भारत के खिलाफ मैच से पहली नीदरलैंड्स टीम को झटका लगा। टीम के तेज गेंदबाज रयान क्लेन पीठ की चोट के चलते अपना आखिरी लीग मैच नहीं खेल पाएंगे। इस विश्व कप में क्लेन को सिर्फ 1 मैच खेलने का मौका मिला था, जिसमें वह कोई भी विकेट नहीं हासिल कर सके थे। ऐसे में चोटिल होने के बाद उनकी जगह स्क्वॉड में युवा बल्लेबाज नोआ क्रोज को शामिल किया गया है। आईसीसी की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने इसकी इजाजत दे दी।

### बीसीसीआई सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट करेगा रिलीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड गुरुवार को नॉकआउट मैचों के टिकट रिलीज करेगा। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया के जरिये घोषणा की है कि सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के टिकट की बिक्री शाम 8 बजे होगी। पता हो कि वर्ल्ड कप 2023 का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर और दूसरा सेमीफाइनल 16 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने जानकारी दी कि 9 नवंबर को शाम 8 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर टिकट सेल शुरू होगी। बता दें कि फैंस के पास नॉकआउट मैचों के टिकट खरीदने का यह आखिरी मौका होगा। अगर आप भी सेमीफाइनल और फाइनल मैच की टिकट खरीदना चाहते हैं तो वेबसाइट से खरीद सकते हैं। यही टिकट खरीदने की आधिकारिक वेबसाइट है। बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल की तीन टीमें तय हो चुकी हैं। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची। बड़ी बात है कि भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और उसे अपना आखिरी लीग मैच रविवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलना है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने भी अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रोटियाज टीम प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम मैक्सवेल की जादूई पारी की बदौलत सेमीफाइनल में पहुंचा।

# तीन दिन, तीन टीमें और एक जगह खाली, कौन मारेगा बाजी ?

**क्रिकेट**

## आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की रेस हुई रोमांचक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल की रेस रोमांचक हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अफगानिस्तान को हराकर विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, अब तीन टीमों के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने की जंग जारी है। 3 टीमों अपने अंतिम मैच खेलकर सेमीफाइनल के लिए बचे हुए एक स्पॉट के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देगी। इन तीन टीमों में से एक ही टीम सेमीफाइनल में जा पाएगी, बाकी दो टीमों का भी सफर आने वाले कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए समझते हैं कौन-सी टीम भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलती हुई नजर आ सकती है।

दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल में टीम इंडिया 16 अंक के साथ टॉप पर विराजमान हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम 12 अंक से साथ मौजूद हैं। अफगानिस्तान को हराने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 12 अंक के साथ ही सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। वहीं, बाहर होने वाली टीमों में बांग्लादेश, नीदरलैंड्स और श्रीलंका का नाम शामिल हैं, जिन्होंने चार ही अं हासिल किए हैं। वहीं, इंग्लैंड की टीम 7वें स्थान पर 4 अंक के साथ मौजूद है।




भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप 2023 का सेमीफाइनल मुकाबला होने की संभावना बरकरार है। इसके लिए पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ 11 नवंबर को खेले जाने वाले अपने आखिरी मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी।

अगर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड अपने आखिरी मैच में हार जाए और पाकिस्तान अपना अंतिम लीग मैच में एक अंक भी हासिल कर ले तो वह सेमीफाइनल में प्रवेश कर लेगा। वहीं, अगर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें अपना आखिरी मैच जीत जाए और पाकिस्तान इंग्लैंड के खिलाफ बड़े अंतर से जीत हासिल कर ले, तो बेहतर नेट रनरेट के हिसाब से सेमीफाइनल में पाकिस्तान की एंट्री हो सकती है।

बता दें कि अफगानिस्तान टीम इस वक्त विश्व कप 2023 के प्वाइंट्स टेबल में 8 अंक के साथ छठे नंबर पर है। विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अफगानिस्तान को अपना आखिरी लीग मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीतना होगा।

# इंग्लैंड और पाकिस्तान की टक्कर कोलकाता में, कैसी होगी ईडन गार्डन्स की पिच?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। वर्ल्ड कप 2023 के 44वें मुकाबले में पाकिस्तान की टक्कर इंग्लैंड से होगी। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम वर्ल्ड कप में लगातार जूझ रही है। अभी तक उसे दो जीत बांग्लादेश और नीदरलैंड के खिलाफ मिली है। पाकिस्तान ने शुरुआती दो मैच जीते थे लेकिन फिर चार हार मिली। उसके बाद बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम ने मुकाबलों को अपने नाम किया।

ईडन गार्डन्स के मैदान पर आईपीएल के दौरान तो खूब रन बनते हैं। लेकिन वर्ल्ड कप में यहां बल्लेबाजी काफी मुश्किल है। स्पिन गेंदबाजों को पिच से काफी मदद मिलती है। साउथ



अफ्रीका के खिलाफ रविंद्र जडेजा ने भारत के लिए 5 विकेट लिए थे। उसी मैच में केशव महाराज को भी काफी मदद मिली थी। यहां कलाई के स्पिनर से ज्यादा फिंगर स्पिनर को मदद मिलेगी। पहले खेलने वाली टीम 250 रन बना देती है तो यह विनिंग टोटल होगा।

कोलकाता में मौसम पूरी तरह साफ है। मैच के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। शनिवार को यहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री तक जाने की संभावना है। वहीं शाम के समय यह 25 डिग्री तक आ सकता है। यह क्रिकेट के लिए सबसे बेहतरीन मौसम है। यानी फैंस को पूरा एक्शन देखने को मिलने वाला है।

**इस प्रकार हैं दोनों टीमें:** इंग्लैंड: जॉनी बेयरस्टो, डेविड मालन, जो रूट, बेन स्टोक्स, जोस बटलर (विकेटकीपरध्कप्तान), मोइन अली, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस वोक्स, डेविड विली, आदिल राशिद, मार्क वुड, सैम कुरेन, ब्रायडन कार्स, हैरी ब्रूक, गस एटकिंसन।

पाकिस्तानः अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, सऊद शकील, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम जूनियर, हारिस रऊफ, उसामा मीर, हसन अली, फखर जमान, आगा सलमान।

## ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग ने संन्यास की घोषणा करके चौंकाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग ने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेकर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। मेग लेनिंग ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया और 241 मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया। मेग लेनिंग ने कहा कि 13 साल के लंबे करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का यह सही समय है। मेग लेनिंग के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम उनकी उत्तराधिकारी की खोज करेगी क्योंकि अगले महीने उसे भारत दौरे पर विभिन्न प्रारूपों से सीरीज के लिए आना है। एलिसा हीली को महिला बिग बैश लीग में कुत्ते के काटने से चोट लगी, जिससे वो उबरने में जुटी हुई हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर जाने का फैसला लेना मुश्किल है। मगर मुझे महसूस हुआ कि यह सही समय है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि 13 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आनंद उठा सकी। मगर मुझे पता है कि किसी नई चीज में आगे बढ़ने का यह सही फैसला है। मेग लेनिंग ने अपनी टीम के साथियों और फैंस का शुक्रिया अदा किया।

पेज थ्री देहरादून

उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सीएम व अन्य।



देहरादून, शुक्रवार, 10 नवंबर 2023

पेज 8

# हमारा दून


## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने की उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहीद स्थल कचहरी परिसर देहरादून में उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के कठिन परिश्रम, प्रयासों, दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प से ही उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा उत्तराखंड को विकल्प रहित संकल्प के मूल उद्देश्य के साथ सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

### कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने 20 सूत्रीय मांगपत्र पर अमल न होने से चार दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष एसएस चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को यमुना कॉलोनी में आयोजित समिति की बैठक में कर्मचारियों ने 20 सूत्रीय मांग पर अमल न होने पर आक्रोश व्यक्त किया। पदोन्नति में पात्रता के लिए शिथिलीकरण की व्यवस्था पुनः बहाल किए जाने की कार्यवाही को भी रोक दी गई है।

### उत्तराखंड गठन के 23 साल बाद भी बदहालः उक्रांद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के 23वें स्थापना दिवस पर उत्तराखंड क्रांति दल ने शहीद अंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को कचहरी में पार्टी के महानगर अध्यक्ष बिजेंद्र रावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य बनने के 23 वर्ष पूरे होने के बाद भी उत्तराखंड बदहाल है। पहाड़ी लोग मूलभुत सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे हैं।

### रिवर साइड कैंपस में स्थापना दिवस का भव्य समारोह

**संवाददाता** देहरादून। दून इंटरनेशनल रिवरसाइड कैंपस के परिसर में आठवें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि दीपांकर एरोन , विद्यालय के संस्थापक एवं अभिवावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपांकर एरोन, विद्यालय के संस्थापक, डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्य ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत की भव्य प्रस्तुति से हुई जिसे सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

# जनता के प्रति जवाबदेह और भरोसेमंद है हमारी सरकारः सीएम

**स्थापना दिवस**

■ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपना योगदान देने वाले सभी अमर शहीदों एवं राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भारत माता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले उत्तराखंड के वीर जवानों को भी उत्तराखंड की समस्त जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस के उन शहीद जवानों व अधिकारियों का भी स्मरण किया जिन्होंने प्रदेश एवं समाज में शांति स्थापित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न परम श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण करना आवश्यक है जिनके प्रधानमंत्रित्व काल में उत्तराखंड राज्य का स्वप्न साकार हुआ था। यह हमारा कर्तव्य है कि स्वर्गीय अटल जी द्वारा पुष्पित और पल्लवित इस युवा उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ निरंतर प्रयासरत रहें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रपति का अत्यंत कठिन जीवन संघर्ष, आपका अदम्य साहस और प्रेरणास्पद राजनीतिक यात्रा प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है। राष्ट्रपति भारतवर्ष के समस्त नागरिकों विशेष रूप से गरीबों, शोषितों और वंचितों के लिए आशा की किरण हैं, वे सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण का जीता जागता प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमारी सरकार उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए दिन रात कार्य कर रही हैं। हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जनता के प्रति जवाबदेह है, भरोसेमंद है तथा अपने कार्य में दक्ष है। 23 वर्ष में पहली बार बहुत से काम हुए हैं। 23 वर्ष में पहली बार भर्तियों में घोटाले करने वालों पर कड़ी कार्यवाई के लिए हमने नकल विरोधी कानून लागू किया है। 23 वर्ष में पहली बार धर्मांतरण रोकने के लिए कानून लागू किया गया है। 23 वर्ष में पहली बार उत्तराखंड, डेस्टिनेशन उत्तराखंड के रूप में निवेश का हब बनने जा रहा है। हमने जो मेहनत की है, वो आपके सामने है और हमारा संकल्प है कि हम इस प्रकार के कार्य करते रहेंगे। हमारी सरकार का एकमात्र लक्ष्य है–उत्तराखण्ड का विकास। हमारा एकमात्र ध्येय है–उत्तराखण्ड की प्रगति, अपने इस ध्येय की प्राप्ति के लिए हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आपकी सेवा में जुटे हुए हैं।

राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विस अध्यक्ष रितु खंडूड़ी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल,

### शहीदों और वीर आंदोलनकारियों को नमनः राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अमर शहीदों और वीर आंदोलनकारियों को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रपति का हार्दिक आभार और अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी गरिमामयी उपस्थिति से पूरा उत्तराखंड उल्लासित हुआ है। उन्होंने राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाले महानुभावों को भी बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि हम डिजिटल क्रांति के युग में आगे बढ़ रहें हैं। सरकार पारदर्शी और प्रोएक्टिव पुलिसिंग को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। महिला सुरक्षा, बालिका सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए अपराधों पर नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड विकास के कई पैमानों पर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

डा. धन सिंह रावत, प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक खजान दास मुख्य सचिव डा. एस एस संधू, डीजीपी अशोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड की रही अपनी विशिष्ट पहचानः महानिदेशक सूचना

**झांकी**

■राज्य स्थापना दिवस पर प्रदर्शित की गई "केदारखण्ड से मानसखण्ड" झांकी



**संवाददाता**

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों के माध्यम से राज्य के समग्र विकास एवं नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य, जैवविविधता, धार्मिक, अध्यात्म के साथ साहसिक पर्यटन गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शित "केदारखण्ड से मानसखण्ड" झांकी के माध्यम से राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जैव विविधता, हिमाच्छादित उच्च पर्वत श्रृंखलाओं की समग्रता से परिचित कराने का प्रयास किया गया।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन के उपरान्त मानसखण्ड पर आधारित झांकी इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की गई जिसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ की तर्ज पर कुमाऊ के पौराणिक मंदिरों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है। जिसमें इन प्रमुख मंदिरों का विकास होना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के विजन के अनुसार पहले चरण में जागेश्वर महादेव के साथ करीब 2 दर्जन से अधिक मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। महानिदेशक सूचना ने कहा कि सदियों से उत्तराखण्ड की देश–दुनिया में देवभूमि के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रही है।

### सचिवालय हरीकेन ने फाइनल मैच 69 रन से जीता

**संवाददाता** देहरादून। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड रायपुर देहरादून में गुरुवार को अन्तर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सचिवालय हरिकेन नें 69 रन से जीता। फाइनल मैच सचिवालय हरिकेन एवम सचिवालय ए के बीच खेला गया। सचिवालय हरिकेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में कुल 05 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाए। कपिल गंगवार ने शानदार 85, दिवाकर पंत ने 45 और अनुज चमोली ने नाबाद 16 रन बनाए। सचिवालय ए की तरफ से गेंदबाजी में टिकराज ने 3 और हरीश सैनी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए की टीम कुल 20 ओवरों में 09 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाए। आशुतोष विमल ने 78, अनिल नेगी ने 26 रन बनाए। मुकेश रावत ने 4, ओमीश ने 2, अनुज और विनोद ने 1–1 विकेट लिए।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।

संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701

pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।